दिन—गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 23 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर आज शाम थम जायेगा। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में पच्चीस मई को मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों और गठबंधन के नेताओं, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों ने जनता के अपने समर्थन में गोलबंद करने के लिए अंतिम जोर लगा दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम चम्पारण के सुगौली में भाजपा उम्मीदवार संजय जायसवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने आज पूर्वी चम्पारण के बनकटवा और गोविंदगंज, पश्चिम चम्पारण के पतीलार, महाराजगंज के भगवानपुर तथा मांझी क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रचार के अंतिम घंटों में विभिन्न संसदीय क्षेत्रों प्रत्याशियों द्वारा रोड शो और जन संवाद किया जा रहा है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए भी प्रचार तेज हो गया है। सातवें और अंतिम चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को काराकाट, बक्सर और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह चौबीस मई को आरा में भाजपा उम्मीदवार आर.के. सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के छब्बीस मई को काराकाट, नालंदा और आरा संसदीय क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण का विचार ही बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान है। श्री मोहन ने बोधगया में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इंडी गठबंधन के नेता धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात कर ओछी राजनीति कर रहे हैं।

छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प और एक व्यक्ति की हत्या के मामले में चार अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में बारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जबकि तीन अन्य एफआईआर में पचास अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया कि हत्या के मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। एहतियात के तौर पर प्रभावित क्षेत्र में इंटरनेट सेवा पच्चीस मई तक बंद कर दी गयी है। इधर, घटना को लेकर राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से राजद नेता भोला यादव के खिलाफ आचार सहिंता उल्लंघन के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है।

महात्मा बुद्ध का दो हजार पांच सौ अड़सठवां जयंती समारोह –बुद्ध पूर्णिमा आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, बोधगया में उनके ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण से जुड़ा है। इस अवसर पर महात्मा बुद्ध की निर्वाण स्थली बोधगया में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बोधिमंदिर में विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया है। जिसमें देश–विदेश से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज मंदिर परिसर में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये श्री आर्लेकर ने कहा कि युद्ध की ओर अग्रसर विश्व में आज भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा, मैत्री और प्रेम के संदेश की काफी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेशों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। इधर, पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में भी विशेष समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम सुहाना बना हुआ है। नमीयुक्त पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मधेपुरा के कुमारखंड में एक सौ दस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। वहीं, मुजफ्फरपुर में एक सौ छह मिलीमीटर, समस्तीपुर के पूसा में चौंसठ दशमलव छह मिलीमीटर और बेगूसराय में बावन दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड

की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इस सप्ताह प्रदेश के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।